# 14 लाख का चेक डेम ध्वस्त, विकास की नींव पर सवाल

## एक साल भी नहीं टिक सकी जल संरक्षण की संरचना, निर्माण गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाए गंभीर प्रश्न

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली,18 जून। चितरंगी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत चितावल तर्कहरिया में मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से वर्ष 2025-26 में लगभग 14 लाख रुपये की लागत से निर्मित चेक डैम के क्षतिग्रस्त होने के बाद निर्माण कार्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।**



जल संरक्षण और ग्रामीण सिंचाई को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाई गई यह संरचना एक वर्ष भी नहीं टिक सकी, जिससे सरकारी धन के उपयोग और निर्माण की गुणवत्ता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई।

उनका कहना है कि यदि निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों और गुणवत्ता नियंत्रण के अनुरूप हुआ होता तो चेक डैम इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होता। ग्रामीणों के अनुसार लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद संरचना का अल्प समय में ध्वस्त होना कई गंभीर सवालों को जन्म देता है। मामले में सहायक यंत्री और उपयंत्री की कार्यप्रणाली भी चर्चा के केंद्र में आ गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्यों की मौके पर निगरानी, गुणवत्ता परीक्षण, माप पुस्तिका का सत्यापन और तकनीकी मूल्यांकन जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में अपेक्षित गंभीरता नहीं बरती गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार अधिकारी निर्माण स्थल पर पहुंचे बिना ही दफ्तरों में बैठकर मूल्यांकन और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर देते हैं, जिससे निर्माण कार्यों की वास्तविक गुणवत्ता की जांच नहीं हो पाती।

### मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना में गड़बड़ी के आरोप

मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई निर्माण कार्यों का मूल्यांकन मौके पर पहुंचकर करने के बजाय इंजीनियर और उपयंत्री कार्यालय अथवा घर बैठे ही कर रहे हैं, जिससे गुणवत्ता और वास्तविक प्रगति पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि बिना भौतिक सत्यापन के माप पुस्तिका तैयार कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इससे शासन को आर्थिक नुकसान होने की आशंका भी जताई जा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित निर्माण कार्यों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

### जमकर की गई है कमीशनखोरी

क्षेत्र में यह चर्चा भी जोर पकड़ रही है कि अधोसंरचना मद के तहत बनने वाले कुछ कार्यों में कमीशनखोरी का खेल लंबे समय से चल रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का दावा है कि निर्माण कार्यों की स्वीकृति से लेकर भुगतान तक कई स्तरों पर अनियमितताओं की आशंका बनी रहती है। इसी कारण अब पूरे क्षेत्र में निर्मित चेक डैम और अन्य संरचनाओं की गुणवत्ता पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि चितावल तर्कहरिया चेक डैम मामले की स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से जांच कराई जाए। साथ ही निर्माण स्वीकृति, तकनीकी परीक्षण, गुणवत्ता प्रमाणन, माप पुस्तिका और भुगतान संबंधी अभिलेखों की बारीकी से जांच कर दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जवाबदेही तय नहीं की गई तो विकास कार्यों पर जनता का भरोसा कमजोर होता जाएगा।

# आस्था नर्सिंग होम का हुआ शुभारंभ

## चितरंगी में वाराणसी के विशेषज्ञ चिकित्सक देंगे सेवाएं, स्थानीय मरीजों को होगा लाभ

नवभारत न्यूज

**चितरंगी,18 जून। ब्लॉक मुख्यालय चितरंगी के अस्पताल चौक में आज गुरुवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आस्था नर्सिंग होम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना एवं फीता काटकर किया गया। नर्सिंग होम के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं चिकित्सकों की उपस्थिति रही।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नर्सिंग होम के व्यवस्थापक गुरु आनेंद्रधर द्विवेदी (पप्पू गुरु) के पिता गुरु शीतल द्विवेदी, माता दिलवासु देवी एवं चाचा सुखेंद्र धर द्विवेदी रहे। वहीं बड़े भाई महेंद्र धर द्विवेदी, रावेंद्रधर द्विवेदी, मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरिशंकर बैस एवं डॉ. एनके श्रीवास्तव एमबीबीएस-एमडी कार्डियो, कंपाउंडर फार्मासिस्ट ग्रेड-1, बीपी कुशवाहा तथा भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवेंद्र धर द्विवेदी विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने फीता काटकर नर्सिंग होम का शुभारंभ किया। इससे पूर्व पंडित कमलेश पाठक द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई।

शुभारंभ के अवसर पर वाराणसी से आए सात विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। आस्था नर्सिंग होम में मरीजों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड, पैथोलॉजी जांच, महिला एवं प्रसूति रोग परामर्श, सामान्य चिकित्सा तथा अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। नर्सिंग होम के शुभारंभ से चितरंगी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर एवं सुलभ उपचार मिलने की उम्मीद जगी है।

इस शुभ अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपद अधिकारी मानसिंह सैयाम, अभिषेक सिंपल, राहुल धर गणमान्य नागरिक भारी संख्या में नगर के व्यापारी एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## एक नजर में

### देवसर विधानसभा को मिली बड़ी सौगात



**सिंगरौली।** सीधी संसदीय क्षेत्र अंतर्गत देवसर विधानसभा को एक महत्वपूर्ण विकास सौगात मिली है। क्षेत्र की जनता द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग एवं स्थानीय आवश्यकता को देखते हुए बकहुल से ओबरी वाया कसैया सड़क निर्माण कार्य को एनसीएल के सीएसआर मद से स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह स्वीकृति सीधी सांसद डॉ. राजेश मिश्रा की विशेष अनुशंसा पर प्राप्त हुई है, जिससे क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिलेगी। लगभग 8 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 1173 .83 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि व्यय की जाएगी। इस बहुप्रतीक्षित मार्ग के निर्माण की स्वीकृति मिलने से देवसर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों और स्थानीय नागरिकों में भारी उत्साह और हर्ष का वातावरण है, क्योंकि यह मार्ग लंबे समय से ग्रामीणों की प्रमुख मांगों में शामिल था। सड़क बनने से आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने कहा कि देवसर विधानसभा सहित पूरे सीधी संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और क्षेत्र की आवश्यकताओं को संबंधित स्तरों पर मजबूती के साथ रख रहे हैं।

# तेज बारिश व तूफान से जयंत में मौसम हुआ सुहावना

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 18 जून। गुरुवार की शाम जयंत क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत दिलाई।**



दिनभर की तपिश और भारी उमस से परेशान लोगों ने बारिश के बाद राहत की सांस ली। तेज हवाओं के कारण कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित हुआ, वहीं बारिश शुरू होते ही सड़कों पर पानी बहने लगा। बारिश के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और वातावरण पूरी तरह ठंडा हो गया। शाम के समय लोग घरों से बाहर निकलकर सुहावने मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। हालांकि कुछ स्थानों पर पेड़ों की डालियां टूटने और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की भी सूचना मिली है। वहीं चितरंगी और देवसर अंचल के अधिकांश इलाके इस बारिश से अछूते रहे, जहां लोगों को अब भी बारिश का इंतजार है। जयंत क्षेत्र में हुई इस बारिश ने गर्मी से बेहाल लोगों को काफी राहत पहुंचाई है।

# मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सीसीटीव्ही कैमरे लगाएं : गौरव

## कलेक्टर की अध्यक्षता में हनुमान मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित, मंदिर के विस्तार पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली,18 जून। कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में एवं समिति के सदस्यो के उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हनुमान मंदिर ट्रस्ट की बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में हनुमान मंदिर के विस्तारीकरण, परिसर प्रबंधन एवं ट्रस्ट संचालन से संबंधित प्रस्तावित बायलॉज पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए आवश्यक सुझाव दिए गए तथा ट्रस्ट के सदस्यों के भी सुझाव भी प्राप्त किए गए। शासन संधारित मंदिर की सम्पत्ति सुरक्षित करने के निर्देश बैठक के दौरान कलेक्टर ने शासन संधारित मंदिर की संपत्तियों को सुरक्षित करने के निर्देश देते हुए उपखंड अधिकारियों से कहा कि एक सप्ताह के भीतर जीपीएस आधारित हनुमान मंदिर प्रांगण एवं उसके आसपास स्थित शासकीय भूमियों का नक्शा तैयार किया जाए।

साथ ही मंदिर के आसपास स्थित संपत्तियों का सर्वे कर परीक्षण करें एवं अतिक्रमण पाए जाने पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सीसीटीवी निगरानी एवं दान राशि जमा करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कलेक्टर ने सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए, ताकि पर्वों के दौरान भीड़ प्रबंधन में सहूलियत मिल सके। श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश कलेक्टर ने मंदिर प्रबंधन के संबंध में आमजन से भी सुझाव प्राप्त करने की बात कही। बैठक में अपर कलेक्टर पीएस त्रिपाठी, एसडीएम सुरेश जाधव, तहसीलदार अभिषेक यादव सहित हनुमान मंदिर ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे।


एन सी एल NCL

## नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)

-आवश्यक सूचना-

CBA अधिनियम 1957 के **तहत अधिसूचना संख्या 228 दिनांक:-18/03/2021** के माध्यम से एनसीएल ब्लॉक-बी क्षेत्र द्वारा ग्राम मुहेर की अधिग्रहित भूमियों के भू-स्वामियों को भूमि का मुआवजा प्राप्त करने हेतु सूची का प्रकाशन किया जाता है। भूमि का मुआवजा प्राप्त करने हेतु आवश्यक दस्तावेज़ ब्लॉक – बी कार्यालय में जमा करें। विस्तृत सूचना की प्रति ब्लॉक – बी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, NCL मुख्यालय के नोटिस बोर्ड, NCL मुख्यालय की WEBSITE पर भी उपलब्ध है।

(मात्र यह नोटिस आपको मुआवजा पाने का कोई अधिकार नहीं देती और ना ही न्यायालय में इस नोटिस के आधार पर मुआवजा पाने का दावा किया जा सकेगा। **उपलब्ध / जमा किए गए दस्तावेजों/कागजातों की जांच के बाद सब सही पाए जाने पर ही विधि सम्मत/कानून के अनुसार मुआवजा वितरण की कार्यवाही विचारणीय होगी।**)

**भू-स्वामियों की प्रथम सूची का पंचम प्रकाशन**

| खसरा नं. जो अर्जित की गई | प्रकरण क्रमांक | भूमि स्वामी का नाम पिता/पति का नाम |
|---|---|---|
| 14,15/1,965, 971,973, 974 | 1 | रुक्मणी पुत्री रमाशंकर जाति बैस 1/5 भाग, राजमती पुत्री रमाशंकर जाति बैस 1/5 भाग |
| 20/2/5 | 17 | सौरव सहाय पुत्र पांडे शिवकृष्ण सहाय |
| 21/2 | 28 | रामकेश पुत्र रामधनी जाति जैसवाल |
| 21/4 | 30 | गुरुचरण पिता छोटेलाल चमार 1/5 भाग, गंगाधर पिता छोटेलाल चमार 1/5 भाग |
| 21/12 | 59 | बृजेश कुमार पटेल पिता रामदरस पटेल नाबालिक पिता रामदरस पुत्र सत्यनारायण पटेल |
| 21/13/2 | 59 | बृजेश पटेल पुत्र रामदरस पटेल |
| 21/13/1 | 60 | रामदरस पटेल पिता सत्यनारायण पटेल |
| 21/13/3 | 62 | रीतू पटेल पिता रामदरस पटेल |
| 21/13/4 | 63 | प्रीति पटेल पिता रामदरस पटेल |
| 21/13/5 | 64 | दयालुआ देवी पत्नी रामदरस पटेल |
| 21/13/6 | 65 | मुकेश कुमार पिता रामदरश पटेल |
| 35/1 | 95 | जगदीश सिंह पि° जलोधर गोंड |
| 37/9/1 | 121 | उजागिर प्रसाद पिता भगवत राम |
| 37/9/2 | 122 | कमल नारायण पाठक पिता उजागर प्रसाद पाठक 1/4भाग, विष्णुवती पाठक पत्नी कमल नारायण पाठक,1/4भाग, आदर्श आलोक पाठक पिता कमल नारायण पाठक1/4भाग, अलंकृता पाठक पुत्री कमल नारायण पाठक 1/4 भाग |
| 74 | 165 | रामदुलारे पिता रामकिशुन जाति वैसवार |
| 77/2 | 169 | बबुआराम पि° रामचरण जाय° |
| 88/3 | 192 | अमन साहू पिता केशरी लाल साहू नाबा° वली ° सं° बाबा वंशीलाल पिता रतन साहू जाति तेली |
| 88/4 | 193 | रामलखन पिता बच्चू कुम्हार |
| 95/5 | 212 | राजकुमारी पिता गौमती प्रसाद जाति ब्राह्मण |
| 109/3/3 | 256 | रामजियावन पिता लक्षिमन जाति तेली |
| 109/4/4 | 262 | रामकिशुन पिता लक्ष्मण तेली 1/3 भाग, रामजियावन पिता लक्ष्मण तेली 1/3 भाग |
| 110/2/मिन-2 | 266 | सोधायी पिता मकरव जाति तेली |
| 114/3/मिन-3 | 284 | हरिप्रसाद वृहस्पति पि° भैयाराम केवट |
| 195/4 | 294 | इनरमती पुत्री रामाधीन जाति खैरवार |
| 195/9/1 | 298 | शांतिकुमारी पिता रामकिसुन खैरवार |
| 195/9/2 | 299 | बिंदुमती सिंह पिता रामकिसुन खैरवार |
| 1007/2 | 366 | दशरथ प्रसाद पुत्र देवचंद जाति चमार |
| 1010 | 377 | यदुरनिया उर्फ सुगिया पत्नी स्व. जगदीश राम पांडे 1/6 भाग, राधिका प्रसाद पांडे पुत्र स्व. जगदीश राम पांडे 1/6 भाग, श्रीकांत पांडे पुत्र स्व. जगदीश राम पांडे 1/6 भाग, लक्ष्मीकांत पांडे पुत्र स्व. जगदीश राम पांडे 1/6 भाग, उमाकांत पांडे पुत्र स्व. जगदीश राम पांडे 1/6 भाग, विष्णुकांत पांडे पुत्र स्व. जगदीश राम पांडे 1/6 भाग |

**भू – स्वामियों की द्वितीय सूची का तृतीय प्रकाशन**

| खसरा नं. जो अर्जित की गई | प्रकरण क्रमांक | भूमि स्वामी का नाम पिता/पति का नाम |
|---|---|---|
| 21/5 | 31 | शिवम सिंह बघेल पुत्र योगेन्द्र सिंह बघेल 4/13 भाग |
| 21/10/2/1 | 48 | तपन कुमार सिंह पुत्र सत्येन्द्र प्रताप सिंह 3/5 भाग प्रतीक दुबे पुत्र राज प्रकाश सिंह दुबे 1/10 भाग, रामबिहारी शर्मा पुत्र रामसुख शर्मा 1/25 भाग, अशोक कुमार गुप्ता पुत्र लालमणि गुप्ता 3/50 भाग, कमलेश्वर नाथ मिश्र पुत्र काशी नाथ मिश्र 1/10 भाग, पंकज मिश्रा पुत्र कमलेश्वर नाथ मिश्रा 1/10 भाग |
| 71/1 | 95 | जगदीश सिंह पि° जलोधर गोड़ |
| 94/2/क | 207 | शैलेन्द्र कुमार पिता रामलाल पाठक |
| 195/7 | 296 | देवप्रसाद 1/2, रामप्रसाद 1/4, शिवमंगल नाबा. बली पिता शिवमंगल, छोटे पिता रामदास 1/4 भाग |
| 195/8 | 297 | भूअरराम पिता रामप्रसाद खैरवार |
| 198/1 | 303 | दयारराम, रामसिया नर्वदा पिता धानू 1/4 भाग, सूर्यवंशी पिता तिलक 1/4 भाग |
| 942/1/क/1, 942/1/ख/1, 944/1/क, 944/1/ख/1 | 304 | जगदीश देव पुत्र शिवप्रसाद 3/4 भाग, विनोद देव पुत्र रामभुवन देव 1/4 भाग |
| 944/1/ख/3/1 | 306 | विमल सिंह पुत्री कुशलध्वज सिंह |
| 944/1/ख/3/2 | 307 | सुकृति सिंह पुत्री मृगेंद्र सिंह |
| 944/2 | 309 | रतन सिंह, अजय प्रकाश सिंह पिता कन्हैया सिंह, पूजा सिंह पुत्री कन्हैया सिंह सभी नाबा. बली. कन्हैया सिंह पिता सरजू सिंह |
| 942/2 | 385 | सुनीता पुत्री पिता सुभाषचंद्र यादव |
| 942/3 | 386 | सुभाषचन्द्र यादव पिता कन्हैया लाल यादव |
| 947/2 | 387 | रजत कुमार कपिला पुत्र युगल किशोर 1/70 भाग, दयानंद सिंह पुत्र रामविश्वास सिंह 1/70 भाग, राकेश कुमार पांडे पुत्र उमाशंकर पांडे 1/70 भाग, दिव्या बाजपेयी पत्नी गौरव बाजपेयी 1/140 भाग, आराध्या बाजपेयी नाबालिग पुत्री गौरब बाजपेयी संरक्षक माता दिव्या बाजपेयी पत्नी गौरव बाजपेयी 1/140 भाग,अनुराग बैस नाबालिग पुत्र शिवराज सिंह बैस संरक्षक पिता शिवराज सिंह बैस पुत्र राम सुभग बैस 1/140 भाग, सीमा पांडे पत्नी राकेश कुमार पांडे 1/70 भाग |
| 979/2 | 388 | सुशीला नाबालिग पिता ठाकुर प्रसाद वैश्य संरक्षक ठाकुर प्रसाद वैश्य |

**निम्नलिखित भू-स्वामियों की ऐसी भूमि –**

(अ) जिस पर न्यायलयीन मुकदमा/मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है / लंबित है और मुकदमा/मामला से संबन्धित न्यायलयीन दस्तावेज़ इस कार्यालय में जमा है, ऐसे भूमियों का प्रतिकर भुगतान न्यायालय द्वारा लगाई गई '**भूमियों के प्रतिकर भुगतान पर रोक (STAY ORDER FOR LAND COMPENSATION PAYMENT)** आदेश का पालन करते हुए नियमानुसार/विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी,

(ब) जिस पर न्यायलयीन मुकदमा/मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है / लंबित है ऐसी भूमियों का प्रतिकर भुगतान, कार्यालय में जमा किए गए मुकदमा/मामला से संबन्धित न्यायलयीन दस्तावेजों के आधार पर कानूनी सलाह और/या कानूनी विचार विमर्श के उपरांत, नियमानुसार/विधिसम्मत कार्यवाही विचारणीय होगी।

(स) मात्र यह नोटिस आपको मुआवजा पाने का कोई अधिकार नहीं देती और ना ही न्यायालय में इस नोटिस के आधार पर मुआवजा पाने का दावा किया जा सकेगा।

| खसरा नं. जो अर्जित की गई | प्रकरण क्रमांक | भूमि स्वामी का नाम पिता/पति का नाम |
|---|---|---|
| 21/1/1 | 19 | अमरौति वेवा रामचरित्र 2/15 भाग, प्रदीप पुत्र रामचरित्र 2/15 भाग, झल्लू पुत्र रामचरित्र 2/15 भाग,कमला पुत्र बन्धु 1/3 भाग |
| 21/6 | 32 | चन्द्र प्रकाश पिता शिवरतन प्रसाद जाति जयसवाल |
| 21/11/1 | 54 | संतोष कुमार पिता लालमन जायसवाल |
| 21/11/2 | 55 | अजय कुमार पिता संतोष कुमार जायसवाल |
| 21/11/3 | 56 | विजय कुमार पिता संतोष कुमार जायसवाल |
| 21/11/4 | 57 | अजिता जयसवाल पिता संतोष कुमार जायसवाल |
| 21/11/5 | 58 | रुक्मणी जायसवाल पत्नी संतोष कुमार जायसवाल |
| 24/1/क | 66 | मनराजी वेवा रोहिणी प्रसाद 25/330, रामलखन पिता रोहिणी प्रसाद 24/330 भाग, राधे श्याम पिता रोहिणी प्रसाद 24/330 |
| 25/1 | 71 | मनराजी वेवा रोहिणी प्रसाद 25/330 भाग, रामलखन पिता रोहिणी प्रसाद 24/330 भाग, राधेशाम पिता रोहिणी पीडी. 24/330 |
| 25/4 | 72 | सूर्यनारायण पाठक पिता शिवप्रसाद पाठक |
| 26/3 | 72 | सूर्यनारायण पाठक पिता शिवप्रसाद पाठक |
| 27/6 | 72 | सूर्यनारायण पाठक पिता शिवप्रसाद पाठक |
| 25/5 | 73 | अनिल कुमार पाठक पिता जगजीवन प्रसाद पाठक |
| 26/1/1 | 75 | मनराजी वेवा रोहिणी परसाद 25/330 भाग, रामलखन पिता रोहिणी प्रसाद 24/330 भाग, राधे श्याम पिता रोहिणी प्रसाद 24/330 भाग, कश्मीरीलाल बंसल पुत्र नरसिंह दास बंसल, 12/245 भाग, हफीजुर रहमान पुत्र मोहम्मद हबीबुर रहमान 6/245 भाग |
| 26/4 | 77 | राजेश्वरी प्रसाद पिता जगजीवन प्रसाद पाठक |
| 27/7 | 77 | राजेश्वरी प्रसाद पिता जगजीवन प्रसाद पाठक |
| 27/1/1/1 | 78 | मनराजी वेवा रोहिणी प्रसाद 70/880 भाग, रामलखन पिता रोहिणी प्रसाद 67/880, राधेश्याम पिता रोहिणी प्रसाद 27/880 भाग, रवि कुमार बंसल पिता प्रेम चन्द्र बंसल 20/880 भाग, किसन कुमार गोयल पिता मुरारी लाल गोयल 20/880 भाग, कृष्ण जैन पिता मौजी राम जैन 16/880 भाग, शहनवाज पुत्र मो खुर्शीद आलम 8/880 भाग, अस्फाक आलम पुत्र मो. खुर्शीद आलम 8/880 भाग, मो इमरान आलम पुत्र मो खुर्शीद आलम 8/880 भाग, सचिन कुमार पुत्र स्व° प्रेम चन्द्र गुप्ता 80/880 भाग, दीपा अग्रहरि पत्नी सचिन कुमार 80/880 भाग, मो मिन्हाज पुत्र मो उस्मान 8/880 भाग |
| 27/8 | 84 | लक्ष्मी नारायण पिता शिवप्रसाद पाठक |
| 27/9 | 85 | स्वाति पाठक पुत्री राजेश्वरी प्रसाद पाठक |
| 24/4 | 124 | प्रियतमा पाठक पिता अनिल कुमार पाठक |
| 39/1 | 124 | प्रियतमा पाठक पिता अनिल कुमार पाठक |
| 42/1 | 124 | प्रियतमा पाठक पिता अनिल कुमार पाठक |
| 41/1 | 126 | राकेश कुमार पाठक पिता राजेश्वरी प्रसाद पाठक |
| 42/2 | 126 | राकेश कुमार पाठक पिता राजेश्वरी प्रसाद पाठक |
| 46/3 | 126 | राकेश कुमार पाठक पिता राजेश्वरी प्रसाद पाठक |
| 41/2 | 127 | राजेश कुमार पिता राजेश्वरी प्रसाद |
| 42/3 | 128 | अंकिता पाठक पिता अनिल कुमार पाठक |
| 44/7 | 128 | अंकिता पाठक पिता अनिल कुमार पाठक |
| 42/4 | 129 | रोली पाठक पुत्री अनिल कुमार पाठक |
| 42/5 | 130 | जगजीवन प्रसाद पाठक पिता अयोध्याप्रसाद पाठक |
| 42/6 | 131 | शैलेश पाठक पुत्री जगजीवन प्रसाद पाठक |
| 43/1/1/1 | 134 | मनराजी वेवा रोहिणी प्रसाद 86/1070 भाग, रामलखन पिता रोहिणी प्रसाद 82/1070 भाग, राधेश्याम पिता रोहिणी प्रसाद 22/1070 भाग, मोहम्मद कलाम पुत्र मोहम्मद हुसैन 13/1070 भाग, शीदुन्नीसा पत्नी मोहम्मद कलाम 13/1070 भाग, मोहम्मद अहमदरजा अंसारी पुत्र मोहम्मद कलाम 13/1070 भाग, मोहम्मद तस्लीम अंसारी पुत्र मोहम्मद कलाम 13/1070 भाग, मुन्नू खां पिता तौरेज खां 4/1070 भाग, सैफ अहमद पिता तौरेज खां 4/1070 भाग |
| 43/4 | 140 | हरिनारायण पाठक पिता शिवप्रसाद पाठक |
| 43/6 | 142 | नंदनी पाठक पुत्री अनिल कुमार पाठक |
| 43/7 | 143 | ओम पाठक पिता अनिल कुमार पाठक |
| 44/1/1 | 144 | मनराजी वेवा रोहिणी प्रसाद 25/330 भाग, रामलखन पिता रोहिणी प्रसाद 24/330 भाग, राधेश्याम पिता रोहिणी प्रसाद 24/330 भाग, मो. कलाम पिता मोहम्मद हुसैन 3/115 भाग, रसीदुन्निसा पत्नी मोहम्मद कलाम 3/115 भाग, मोहम्मद अहमद रजा अंसारी पिता मोहम्मद कलाम 3/115 भाग, मोहम्मद तस्लीम अंसारी नाबालिक पिता मोहम्मद कलाम संरक्षक मो. कलाम 3/115 भाग |
| 44/4/3 | 147 | शिवप्रसाद पिता शम्भूलाल साहू, रामप्रताप राजाराम रामनरेश पिता शिवप्रसाद साहू, अजयकुमार पिता राम प्रसाद साहू |
| 46/1/क | 151 | मनराजी बेवा रोहिणी प्रसाद 25/330, राधेश्याम पिता रोहणी प्रसाद 24/330 भाग रामलखन पिता रोहिणी प्रसाद पाठक 24/330 भाग |
| 191/1 | 288 | तेजपती सिंह पिता भगवत सिंह 1/2 भाग |
| 946 | 310 | उमाशंकर पिता शिवनारायण सोनी |
| 978/5/2/1 | 343 | वन्दना पि. विनोद जाति वैश्य |
| 978/5/2/2/1 | 344 | जीतेन्द्र पिता शीतला जाति वैस |
| 990/4 | 361 | जीतेन्द्र पिता शीतला जाति वैस 29/57 भाग |
| 1007/4 | 368 | देवचन्द्र पिता सवाईलाल जाति चमार |
| 1007/5 | 369 | नेमचंद पुत्र सवाईलाल जाति चमार |
| 21/9/1 | 381 | गोविंद प्रसाद पुत्र गुलाब पार्षद 2/7 भाग, जाति जैसवाल लक्ष्मण प्रसाद पिता विशेदर प्रसाद 358/1743 भाग जाति जैसवाल |

R-16

**महाप्रबन्धक, ब्लॉक –बी,परियोजना**